आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में बहराइच जिले के हरदी इलाके में कल दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई झड़प में एक युवक की मौत के बाद स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश बहराइच पहुंच गए हैं। आज सुबह कुछ ग्रामीणों ने हिंसा फैलाने की कोशिश की, जब झड़प में मारे गए युवक का शव रेहुआ मंसूर गांव पहुंचा, लेकिन पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। महसी से लेकर महराजगंज तक तीन किलोमीटर के इलाके में आगजनी और पथराव की घटनाएं सामने आईं। जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मुद्दे पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। इस बीच हरदी थाने के एसओ और महसी के प्रभारी समेत दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर दुर्गा पूजा जुलूस पर गोलीबारी की थी, जिसके परिणामस्वरूप एक युवक की मौत हो गई थी। हरदी क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव में कल शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हुई झड़प में कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए। जिले की एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में 25 से 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

****

महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश सरकार और रेलवे प्रशासन ने व्यापक स्तर पर योजनाएं बनाई हैं। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज के 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सुविधा और क्षमता में विस्तार किया जा रहा है। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज जंक्शन, नैनी जंक्शन, छिवकी जंक्शन, रामबाग जंक्शन, झूंसी जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, प्रयाग जंक्शन और प्रयागघाट जंक्शन पर मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन की व्यापक योजना तैयार की गई है। इन स्टेशनों पर नवीनीकरण और विकास कार्य तेजी के साथ प्रगति पर है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कोविड–19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी।

****

कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में भौती के पास हाईवे पर आज ट्रक और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कार चालक के अलावा दो युवक और दो युवतियां थीं, जो एक इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी थे। घटना के संबंध में पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दो ट्रकों के बीच में कार फंसने के बाद हाईवे पर पलट गई। इस दुर्घटना में प्राण वीर सिंह इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के चार विद्यार्थियों सहित कार चालक की मौत हो गई है। उधर, कौशांबी के मंझनपुर थाना क्षेत्र के बाजापुर गांव में आजं तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। जिस वजह से बाइक पर सवार चार लोगों में से एक किशोरी सहित दो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक किशोरी की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

****

मिशन शक्ति फेज पांच अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज मऊ में एसिड सर्वाइवर काजल यादव को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर काजल ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उधर, बदायूं के आवास विकास स्थित राजकीय विद्यालय में महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए विद्यार्थियों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया।

****

अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम लखनऊ में खेले जा रहे रणजी ट्राफी के अहम मुकाबले में बंगाल की टीम ने उत्तर प्रदेश के सामने 274 रन का लक्ष्य रखा है। आज बंगाल ने चौथे दिन तीन विकेट पर 254 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। जवाब में अपनी दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश की टीम ने चार विकेट खोकर 82 रन चाय काल तक बना लिए हैं। अभी भी उसे जीत के लिए 192 रन बनाने हैं।

****

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। पुलिस और ड्रोन की निगरानी में पूजा समितियों की ओर से प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में किया जा रहा है। इस क्रम में आज कुशीनगर जिले में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ विभिन्न घाटों का दौरा किया गया।

****